जनजातीय संग्रहालय में गरबा, डांडिया और लोकनृत्यों की प्रस्तुति

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन और वादन केंद्रित गतिविधि 'संभावना' के अंतर्गत 17 और 18 अक्टूबर को गरबा और डांडिया रास का आयोजन किया गया। दोपहर तीन बजे से आयोजित इस गतिविधि में संग्रहालय भ्रमण के लिए आए पर्यटकों और दर्शकों ने भी सहभागिता की।

गरबा एवं रास गायन की प्रस्तुति गुजरात की मीनल उदय सेवक और उनके साथियों ने दी। 18 अक्टूबर को अमित सिंह धुर्वे और साथियों ने भक्ति गायन प्रस्तुत किया। उन्होंने 'आओ आगन पधारो श्री गणेश जी', 'गुरु तेरे चरणों में', 'हेरी सखी मंगल गाओ री', 'राम कहानी' और 'मैं तो हवा हूं' सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी। जितेंद्र शर्मा और उनके साथियों ने सहरिया जनजातीय लहंगी नृत्य तथा प्रीति कनाड़े और उनके साथियों ने गणगौर नृत्य प्रस्तुत किया। गणगौर निमाड़ी जनजीवन का गीतिकाव्य है। चैत्र दशमी से चैत्र शुक्ल तृतीया तक चलने वाले इस उत्सव में गीतों का विशेष महत्व है। इस अवसर पर रथ सजाए जाते हैं और महिलाएं तथा पुरुष रनुबाई और धणियर सूर्यदेव के रथ सिर पर रखकर नृत्य करते हैं। ढोल और थाली इसके प्रमुख वाद्य हैं। लहंगी सहरिया जनजाति का सामूहिक नृत्य है, जो विशेष रूप से रक्षाबंधन और अन्य पर्वों पर किया जाता है। इसमें नर्तक ढोलक की थाप पर डंडों के साथ लयबद्ध नृत्य करते हैं।

बीना में ट्रेनों का संचालन प्रभावित, 4 मेमू रद्द

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बीना स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग के बाद लाइन और प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने यात्री ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया है। इसके तहत 17 से 25 अक्टूबर तक चार मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं, 11 ट्रेनों के रूट और 14 ट्रेनों के प्रारंभिक या गंतव्य स्टेशन बदले गए हैं।

रेलवे के अनुसार, बीना-रूठियाई और रूठियाई-बीना के बीच चलने वाली दो-दो मेमू ट्रेनों के कुल 36 फेरे रद्द रहेंगे। कई मेमू ट्रेनें अब बीना के बजाय आगासोद, खुरई, महादेवखेड़ी, मुंगावली और मंडी बामोरा तक ही चलेंगी।

भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस (14814) और जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस (14813) 17 से 19 अक्टूबर तक परिवर्तित मार्ग से संत हिरदाराम नगर, मक्सी और रूठियाई होकर चलेंगी। तिरुचिरापल्ली-भगत की कोठी एक्सप्रेस का मार्ग भी बदला गया है। इसके अलावा कई एक्सप्रेस ट्रेनें बीना को बायपास करते हुए फ्लाईओवर मार्ग से संचालित होंगी।

मप्र सेमीकंडक्टर समिट 23-24 को इंदौर में, 50 से अधिक कंपनियां लेंगी हिस्सा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश को सेमीकंडक्टर उद्योग का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से 23 और 24 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर समिट-2026 आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार इस क्षेत्र में निवेश, तकनीकी अधोसंरचना, नवाचार और कुशल मानव संसाधन विकास को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है।

दो दिवसीय समिट में देश-विदेश की सेमीकंडक्टर कंपनियों, निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन में सेमीकंडक्टर विनिर्माण, चिप डिजाइन, उन्नत पैकेजिंग एवं टेस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में आठ पैनल चर्चाएं, पांच राउंडटेबल बैठकें और दो मुख्य व्याख्यान होंगे। प्रदर्शनी में 50 से अधिक कंपनियां अपनी तकनीकी क्षमताओं, उत्पादों और समाधानों का प्रदर्शन करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहले दिन 'सेमीकंडक्टर हब के रूप में मध्यप्रदेश का विजन' विषय पर उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। समिट में फैबलेस इकोसिस्टम, आपूर्ति श्रृंखला, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चिप प्रौद्योगिकी, फोटोनिक्स, क्वांटम प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद निर्माण जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श होगा।

मध्यप्रदेश सेमीकॉन स्टार्टअप प्रतियोगिता के चयनित विजेताओं को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। राज्य सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2025 को स्वीकृति दी है। इसमें 25 प्रतिशत सब्सिडी और 10 वर्षों तक दो रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। पारस सेमीकंडक्टर्स ने 6,200 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश से उन्नत सेमीकंडक्टर असेंबली एवं टेस्टिंग सुविधा स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

बिरसिंहपुर पाली का मां बिरासिनी मंदिर, दसवीं शताब्दी से आस्था का केंद्र

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नवरात्रि के अवसर पर उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित मां बिरासिनी देवी के प्राचीन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। करीब दसवीं शताब्दी से जुड़ी इस धरोहर में मां बिरासिनी को मां काली और आदिशक्ति के स्वरूप में पूजा जाता है। प्राचीन प्रतिमा और पीढ़ियों से चली आ रही परंपराएं मंदिर को विशिष्ट पहचान देती हैं।

प्रचलित लोककथा के अनुसार, पाली निवासी धौकल को स्वप्न में माता ने प्रतिमा होने का संकेत दिया था। इसके बाद खेत में मिली प्रतिमा को एक छोटी मढ़िया में स्थापित कर पूजा शुरू की गई। मान्यता है कि बाद में स्थानीय राजा बीरसिंह ने यहां मंदिर बनवाया। मंदिर में विराजित मां बिरासिनी की काले पत्थर की प्रतिमा को इतिहासकार और स्थानीय जानकार कलचुरी काल का मानते हैं। गर्भगृह में भगवान शिव और विष्णु के संयुक्त स्वरूप भगवान हरिहर की प्रतिमा भी स्थापित है।

मंदिर का जीर्णोद्धार 23 नवंबर 1989 को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में शुरू हुआ। इसके बाद 22 अप्रैल 1999 को मंदिर के लोकार्पण और प्रतिष्ठा संबंधी कार्यक्रम संपन्न हुए।

चैत्र और शारदीय नवरात्र में यहां ज्योति कलश, जवारा कलश की स्थापना और महाष्टमी पर अठवाई अर्पित करने की परंपरा है। नवरात्र में मंदिर माता के जयकारों से गूंज उठता है।

इंदौर के एमवाय अस्पताल में पेट सीटी स्कैन सेंटर शुरू

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर के शासकीय एमवाय अस्पताल के न्यू कैंसर हॉस्पिटल ब्लॉक में पेट सीटी स्कैन सेंटर का शुभारंभ किया। यह सेंटर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत श्री अरबिंदो अस्पताल के सहयोग से स्थापित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर के गजराराजा मेडिकल कॉलेज, जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज और रीवा के श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में भी इस तरह के अत्याधुनिक सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति हुई है। आयुष्मान भारत योजना से आम लोगों के लिए उपचार सुलभ हुआ है। आधुनिक चिकित्सा केंद्रों से गंभीर बीमारियों का समय पर निदान और उपचार संभव होगा। इससे मरीजों को लाभ मिलेगा और उनके जीवन की रक्षा में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर स्वच्छता, स्वास्थ्य और उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी है। पेट सीटी स्कैन सेंटर शुरू होने से कैंसर मरीजों को जांच और उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। भविष्य में इस सेंटर का विस्तार किया जाएगा और प्रदेश के अन्य जिलों में भी ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास होंगे।

मुख्यमंत्री ने सेंटर का निरीक्षण कर आधुनिक मशीनों की जानकारी ली। श्री अरबिंदो अस्पताल के प्रमुख डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि आगामी तीन महीनों में एमवाय अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी केंद्र स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित थे।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राज.), उपखण्ड देवरी जिला सागर (म.प्र.)

प्रकरण क्र.... -/ बी-113/2026-27/750
देवरी, दिनाँक- 14.10.2026

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजीव कुमार पिता निर्मलचंद्र जैन (अन्य-4) निवासी तिलक वार्ड, देवरी तहसील देवरी सागर ने जरिये अधिवक्ता श्री दिनेश रैंकवार के माध्यम से आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 4 म.प्र. लोक न्यास अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर लेख किया है, कि आवेदकगण श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर विद्या बिहार कॉलोनी सहजपुर तिराहा देवरी की नियमित संचालन की व्यवस्था हेतु लोक न्यास का गठन कराना चाहते है, लोक न्यास के उद्गम और उद्देश्य, कार्यकारी न्यासी और प्रबंधक, न्यासधारी या प्रबंधक के उत्तराधिकार की रीति, चल-अचल संपत्ति का विवरण प्रस्तुत आवेदन में वर्णित किया गया है। उक्त आवेदन पर प्रकरण पंजीबद्ध होकर सुनवाई प्रारंभ की गयी है। उपरोक्त मामले की सुनवाई तारीख- 25.11.2026 दिन बुधवार को समयः 11:00 बजे स्थान- न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग देवरी जिला सागर में नियत है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई वैद्य उजर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति दस्तावेज प्रमाण सहित नियत सुनवाई तिथि तक स्वयं या अपने एजेंट /अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में वैधानिक अग्रिम कार्यवाही संपादित की जावेगी। आज दिनाँक 14.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी। **पेशी दिनाँक 25.11.2026 (बुधवार)**

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुभाग देवरी (सागर)

AG

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खजूरी कलां, विकासखंड फंदा, प.ह.नं. 31/19, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित एक किता अविकसित अव्यपवर्तित कृषि भूमि, जिसका खसरा क्रमांक 316(S), रकबा 0.5710 हेक्टेयर है, मेरी पक्षकारा इन्द्रपुरी आशा शिक्षा समिति द्वारा अध्यक्ष नीलिमा जौहरी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। उक्त भूमि की मेरी पक्षकारा ही एकमात्र स्वामी एवं आधिपत्यधारी है तथा वर्तमान में उक्त भूमि पर मेरी पक्षकारा का ही आधिपत्य है। मेरी पक्षकारा के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति का उक्त भूमि पर कोई स्वामित्व, अधिकार, हित या आधिपत्य नहीं है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि या उसके किसी भी हिस्से के संबंध में मेरी पक्षकारा के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से कोई संव्यवहार, सौदा या लेन-देन न करें, अन्यथा मेरी पक्षकारा इस बाबत् जिम्मेदार नहीं होगी और परिणाम स्वरूप होने वाली क्षति के लिए संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा एजेंसी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अथवा पूछताछ करना चाहता है, तो वह केवल मेरी पक्षकारा अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिवक्ता से संपर्क करें। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा, अधिकार या हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर दस्तावेजी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा यह माना जाएगा कि उक्त भूमि के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

भवदीय **अंकुर पाण्डेय** अधिवक्ता
चेम्बर नं.-114, उलमचंद इसरानी लॉयर्स चेम्बर, अरेरा हिल्स, भोपाल
मो.नं. : 7999449714

1977

सूडोकु नवताल- 7935

★★★★☆ मध्यम

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7934 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

काकुरो पहेली - 7608



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7607 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9016



बाएँ से दाएँ

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

ऊपर से नीचे

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

शब्द पहेली -9015 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7541

3		1	4	7		
6	35	5	30		25	
		2			1	
1	33		31	4	29	2
	6		1	5		
4	33	3	31	6	37	6
		7			6	3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7540 का हल

5	7	2	4	3	6	1
3	31	1	23	6	32	2
6	3	4	1	2	7	5
1	30	6	33	4	36	4
2	1	7	4	5	6	3
7	35	3	35	7	37	6
4	6	5	3	1	2	7

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8561

म	अ	मु	न	सी	जा	म	न	ग	र	ट
रा	वि	ली	प्रे	क	ना	स	द	ज	कां	ड़
सू	र	त	बा	दी	छ	सि	आ	ब	वृ	ज
इं	नौ	ब	न	बा	वा	स	क	ल	ष	ल
वा	अ	मी	ल	ज	चा	न	क्रो	न	भ	गां
रा	ल	न	र	य	ब	ली	ती	बैं	घ	व
ण	सिं	निं	ग	पु	न	ल	स	ग	व	स
सी	ह	ऊ	ई	र	ब	क	पु	लो	श	क
रा	म	तु	ला	रा	म	स	या	र	र	आ
क	गॉ	सो	नी	प	त	कुं	भ	म	प	द
क	ड	क	र्क	या	क	र्त	शि	म	ला	म

शब्दजाल में 10 शहरों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

जयपुर, जामनगर, बेंगलोर, सोनीपत, जलगांव, नासिक, वाराणसी, सूरत, जबलपुर, शिमला

शब्दजाल - 8560 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7447



बायें से दायें:-

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7446

अ	जू	बा		जो	र		दा	मि	नी
ल		बा	जी		क्ष	त्रि	य		तू
बे	टा		न	म	क		रा	जा	
ला		अं	त			रो		लि	
	दा	दा		नू		जा	ने	म	न
मे		ज	ह	री	ले		हा		गिं
री	मा		त्या		कि	ला		द	स
जं		सू		म	न		म	र्द	
ग	द	र		द		आ	ह		डॉ
	म	ज	बू	र			ल	गा	न

Jagrutidaur.com, Bangalore